

पंजाब किंग्स के साथ बड़ी रकम में किया था करार

# आईपीएल में आने वाले हैं दो धांसू खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज बेन मैकडरमोट और वेस्टइंडीज के हरफनमौला रोमारियो शेफर्ड को अपने हालिया प्रभावशाली प्रदर्शन से पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का करार हासिल करने की उम्मीद है। इन दोनों खिलाड़ियों के लिए पिछले सत्र में किसी भी फ्रेंचाइजी ने बोली नहीं लगाई थी। मैकडरमोट ने बिग बैश लीग के सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है और सोमवार को वह 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए। अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की टी–20 टीम में भी उनकी वापसी हुई है। इस 27 साल के खिलाड़ी ने बीबीएल के इस सत्र में सबसे ज्यादा 577 रन बनाए है, इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 153.86 का रहा है। ऑस्ट्रेलिया के लिए 17 टी–20 अंतरराष्ट्रीय और दो एकदिवसीय खेल चुके मैकडरमोट ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, इसमें (आईपीएल नीलामी में बोली लगना) अब मैं बहुत कुछ नहीं कर सकता, यह उन लोगों पर निर्भर हैं जो इसके प्रभारी हैं। उन्होंने कहा, मैं उत्साहित हूं।

पिछले साल, रिले मेरेडिथ (आठ करोड़ रुपये) और झाय रिचर्डसन (14 करोड़ रुपये) की ऑस्ट्रेलियाई की तेज गेंदबाजों की जोड़ी ने बीबीएल के सफल सत्र के बाद पंजाब किंग्स के साथ बड़ी रकम में करार किया था। शेफर्ड नीलामी के लिए 75 लाख रुपये की सूची में शामिल है। उन्होंने कहा, 'अगर कोई आईपीएल अनुबंध मिलता है, तो यह मेरे लिए बहुत अच्छा होगा। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैं इसके बारे में नहीं सोचता, मैं इसके बारे में सोचता हूं, लेकिन मैं मैच के दौरान इसके बारे में नहीं सोचने की कोशिश करता हूं। मैं सिर्फ खेल पर ध्यान केंद्रित करता हूं।'

## न्यूज डायरी



### आर अश्विन के अलावा किस खिलाड़ी की वनडे टीम से होगी जल्दी ही छुट्टी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व ओपनर बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने भारत को साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में मिली हार के बाद कहा कि आर अश्विन और जयंत यादव का वनडे टीम में चयन दीर्घकालीक नहीं है और टीम में लेग स्पिनर कुलदीप यादव को लाने की जरूरत है। आकाश चोपड़ा ने अपने यूटयूब चौनल पर कहा कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में युजवेंद्रा चहल और आर अश्विन बेहद साधारण रहे साथ ही जयंत यादव दीर्घकालिक संभावना की तरह नहीं दिखते। आकाश चोपड़ा ने कहा कि वनडे सीरीज में हमारी स्पिन गेंदबाजी काफी खराब रही। आर अश्विन और चहल वहां पर थे और दोनों ने तीनों वनडे मैचों में सिर्फ 3 विकेट लिए। जयंत यादव को भी खेलने का मौका मिला, लेकिन उन्हें देखकर लगा नहीं कि वो लंबी रेस के घोड़े हैं। तो ऐसे में अश्विन और जयंत दोनों को ही मैं यहां नहीं देखता हूं।

### गुरजीत की हैट्रिक के दम पर भारत ने सिंगापुर को 9–1 से रौंदा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मस्कट। गुरजीत कौर की हैट्रिक के साथ मोनिका और ज्योति के दो–दो गोल के दम पर गत चौंपियन भारत ने महिला एशिया कप हॉकी के पूल ए के मैच में सिंगापुर को 9–1 से हराकर सेमीफाइनल में एंट्री कर ली। भारतीय टीम की पूल ए में तीन मैचों में यह दूसरी जीत है। टीम ने अपने शुरुआती मुकाबले में मलेशिया को 9–0 से हराया था जबकि पिछले मैच में जापान ने उसे 2–0 से हराकर उलटफेर किया था। पिछले मैच की नाकामी में पीछे छोड़ते हुए भारत ने सिंगापुर के खिलाफ शानदार खेल दिखाया। गुरजीत (आठवें, 37वें, 48वें मिनट) ने दो पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदले, जबकि मोनिका (छठें, 17वें मिनट) और ज्योति (43वें, 58वें मिनट) ने दो–दो मैदानी गोल दागे। वंदना कटारिया (आठवें मिनट) और मारियाना कुजूर (10वें मिनट) ने भी गोल किए। भारत बुधवार को पहले सेमीफाइनल में पूल बी की तालिका में शीर्ष पर रहने वाले कोरिया से भिड़ेगा। पूल ए के एक अन्य मैच में मलेशिया को 8–0 से हराने वाला जापान तालिका में शीर्ष पर रहा। अंतिम चार के एक अन्य मैच में उसका सामना चीन से होगा।

# भारतीय क्रिकेट की बेहतरी के लिए बीते दिनों की बातों को भूल जाओ

क्रिकेट

## कपिल देव ने किया बीसीसीआइ और कोहली से एक साथ बैठकर बातचीत करने का आग्रह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव ने बीसीसीआइ और विराट कोहली से एक साथ बैठने, लंबी बातचीत करने और भारतीय क्रिकेट की बेहतरी के लिए बीते दिनों की बातों को भूल जाने का आग्रह किया। विराट कोहली को दिसंबर में बीसीसीआइ ने वनडे टीम की कप्तानी से हटा दिया था और इसके बाद ही सारी कहानी की शुरुआत हुई। कोहली को कप्तानी से हटाए जाने को लेकर बोर्ड के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने जो बयान दिया था उसके कुछ ही दिनों के बाद विराट कोहली ने प्रेस कांफ्रेंस में विरोधाभासी बयान दे दिया। वहीं साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद उन्होंने भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी भी छोड़ दी।





कपिल को लगता है कि विराट कोहली ने बेशक कप्तानी छोड़ दी, लेकिन भारत के लिए उन्होंने जो कुछ भी किया है उसे देखते हुए उनके फैसले का सम्मान करना चाहिए। कोहली जब टेस्ट कप्तान बने थे तब भारत की टेस्ट क्रिकेट में सातवीं रैंकिंग थी, लेकिन उसके बाद टीम इंडिया नंबर एक बनी। यही नहीं विदेशी धरती पर शानदार प्रदर्शन के जरिए कोहली ने जो मानक सेट किया है उसे पार करना दूसरे कप्तान के लिए आसान नहीं होगा। कपिल ने द वीक मैगजीन के साथ बात करते हुए कहा जब कोहली ने टी20 टीम की कप्तानी छोड़ी तब लगा नहीं था कि उनके दिमाग में ज्यादा कुछ है। हमने जो पढ़ा या सुना है उसके मुताबिक कोई नहीं चाहता था कि वो कप्तानी छोड़े। हालांकि ऐसा हुआ और हमें उसके फैसले का सम्मान करना चाहिए।

कपिल देव ने कहा कि उन्हें अपने बीच के मुद्दों को सुलझाना चाहिए था। फोन उठाओ, एक–दूसरे से बात करो, देश और टीम को अपने सामने रखो। शुरुआत में, मुझे भी वह सब कुछ मिला जो मैं चाहता था। लेकिन कभी–कभी, आपको यह नहीं मिल सकता है। वह इसका मतलब यह नहीं होना चाहिए कि आप कप्तानी छोड़ दें।


With Best Compliments on

Republic Day



from The Management, Principal, Staff & Students of

Doon (PG) Paramedical College and Hospital



Govindgarh, Chakrata Road, Dehradun (Uttarakhand)

With Best Compliments on

Republic Day



from The Management, Principal, Staff & Students of

Doon International School

PARI MAHAL 32-Curzon Road,
Dehradun-248001 (U.K)
Phones: 0135-2656088, 2658491
Fax: 0135-2655392
mail: dnints@vsnl.com
Website :
www.dooninternational.com


### वॉर्नर और मार्श टीम से बाहर, कोच लैंगर भी छुट्टी मना रहे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। श्रीलंका के खिलाफ फरवरी में होने वाली टी–20 श्रृंखला के लिए डेविड वॉर्नर और मिशेल मार्श को ऑस्ट्रेलिया की 16 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया है जबकि कोच जस्टिन लैंगर भी उपलब्ध नहीं होंगे।

ऑस्ट्रेलिया पांच मैचों की टी–20 श्रृंखला के लिए श्रीलंका की मेजबानी कर रहा है। ये मैच 11 से 20 फरवरी के बीच सिडनी, कैनबरा और मेलबर्न में खेले जाएंगे। लैंगर समेत सहयोगी स्टाफ के सदस्य इस दौरान छुट्टियों पर हैं, उनकी गैर मौजूदगी में एंड्रयू मैकडोनाल्ड टीम के मुख्य कोच होंगे।

ऑस्ट्रेलिया की टी–20 विश्व कप जीत के सूत्रधार वॉर्नर और मार्श को पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से पहले इन पांच मैचों से बाहर रखा गया है। फिट होकर लौटे तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भी वापसी कर रहे हैं।

श्रीलंका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की टी–20 टीमः आरोन फिंच (कप्तान), एश्टोन एगर, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, मोइजेस हेनरिक्स, जोश इंगलिस, बेन मैकडरमोट, ग्लेन मैक्सवेल, झाय रिचर्डसन, केन रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, एडम जाम्पा।